दिनांक : 28.11.2025 **समय : 02.10pm**

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रधानमंत्री कर्नाटक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कर्नाटक के उडुपी पहुंचे हैं, जहां वे उडुपी पर्याय श्री पुथिगे मठ द्वारा संचालित कोटि गीता लेखन यज्ञ अभियान और गीता परायण के रूप में जानी जाने वाली भगवद् गीता के सामूहिक पाठ में शामिल हो रहे हैं। श्री मोदी स्वर्ण जड़ित तीर्थ मंडप का उद्घाटन किया और स्वर्ण निर्मित कनक किंदी समर्पित कर किया। प्रधानमंत्री कहा, "श्री कृष्ण ने युद्ध की भूमि पर गीता का संदेश दिया था और भगवत गीता हमें सिखाती है कि शांति और सत्य की स्थापना के लिए अत्याचारियों का अंत भी ज़रूरी है। श्री मोदी ने कहा कि हम लाल किले की प्राचीर से श्री कृष्ण की करुणा का संदेश देते हैं और उसी प्राचीर से हम मिशन सुदर्शन चक्र का भी उद्घोष करते हैं। देश ने ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई में हमारा संकल्प देखा है, हम शांति स्थापित करना भी जानते हैं और शांति की रक्षा करना भी जानते है.......

तीर्थ मंडप एक पवित्र द्वार है जिसके बारे में माना जाता है कि भगवान कृष्ण ने अपने भक्त संत कनकदास के लिए इसे खोला था।

मध्यप्रदेश गीता जयंती

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आगामी 1 दिसंबर को गीता जयंती पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर राज्य में हो रहे कार्यक्रमों की तैयारी की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभ्युदय मध्य प्रदेश (गवर्नेंस एंड ग्रोथ समिट) निवेश से रोजगार (अटल संकल्प उज्जवल मध्य प्रदेश) के अंतर्गत 25 दिसंबर को ग्वालियर में हो रहे कार्यक्रम के संबंध में भी अधिकारियों से चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गीता महोत्सव के संबंध में मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा जिला कलेक्टर्स और पुलिस अधिकारियों से चर्चा की। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन सहित संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि 1 दिसंबर गीता जयंती पर गीता महोत्सव के अंतर्गत होने वाली गतिविधियों में जन सामान्य की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

कानून व्यवस्था

प्रदेश में नागरिकों का सामान्य जन–जीवन सुनिश्चित करने के लिए सभी तरह के अपराधों पर पूर्ण नियंत्रण की कार्यवाही की जाए। कानून व्यवस्था की जिले में अच्छी एवं आदर्श स्थिति रहे, यह कलेक्टर एसपी सुनिश्चित करें। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल देर रात मुख्यमंत्री निवास में एक बैठक के दौरान कहीं। मुख्यमंत्री, प्रदेश के समस्त कलेक्टर्स, एस पी से वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को कहीं भी खाद की समस्या ना हो, उचित प्रबंधन करें। वितरण की व्यवस्था सुधारने पर ध्यान दें। खाद लेने के लिए अधिक देर लाइन में लगने की नौबत ना आए, ऐसी व्यवस्था बनाएं। किसी किसान को दिक्कत नहीं आनी चाहिए।

प्रधानमंत्री–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की 128वीं कड़ी में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम को पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। आकाशवाणी से हिंदी में प्रसारण के बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

समाचार संक्षेप में...

1. नर्मदापुरम जिले के सोहागपुर स्थित जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय में जिला स्तरीय रोजगार मेला आयोजित हुआ। मेले में मौजूद प्रतिष्ठित कंपनियों ने स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए। मेला में 190 युवाओं को प्राथमिकता चयन किया गया।

2. रायसेन जिले में नाबालिक बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना में आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है। नर्मदापुरम जोन के पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश कुमार शुक्ला ने यह जानकारी दी है।

3. शिवपुरी में कल जिला रोजगार कार्यालय द्वारा एडीआर भवन में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा 69 से अधिक युवाओं का चयन किया गया।